बरेली, सोमवार
2 फरवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE

रिद्धिमा में भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं कलाकार ● सौ. संस्था

रिद्धिमा में मनाया श्रीशारदा उत्सव भरतनाट्यम में दिखाई प्रतिभा

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम श्री शारदा उत्सव का आयोजन हुआ। भरतनाट्यम के गुरुजनों और विद्यार्थियों ने इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुभारंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी आद्या ग्रोवर, वान्या, अवंतिका, मेहर, शांभवी, प्राग्वी, अनिका, अनंशी, अंबिका, चिरन्य आदि ने सरस्वती स्तुति पर शानदार प्रस्तुति देकर किया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए. ने गंगावतरण पर एकल और भरतनाट्यम गुरु तनया भट्टाचार्य के साथ शारदा नमोस्तुभ्यम को अपनी नृत्य प्रतिभा से दर्शकों के सामने प्रस्तुत कर वाहवाही हासिल की। संचालन डा. आशीष कुमार ने किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।